शुद्धिपत्र

संख्या-3/2018/952(1)/55-पर्या-02-2017-221(पर्या)/16

प्रेषक,

निहालुद्दीन खां,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पर्यावरण अनुभाग-2 लखनऊः दिनांकः 17 जनवरी, 2018

विषय- वित्तीय वर्ष 2017-18 में पारिस्थितिकीय एवं पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरणीय शिक्षा प्रशिक्षण व जन-जागरूकता कार्यक्रमों हेतु जिला योजना के अंतर्गत वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्याः 22/2017/952/55-पर्या-02-2017-221(पर्या)/2016 दिनांकः 22 दिसंबर, 2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 में पारिस्थितिकीय एवं पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरणीय शिक्षा, प्रशिक्षण व जन-जागरूकता कार्यक्रमों हेतु जिला योजना के अंतर्गत रू0 58.66 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत शासनादेश दिनांकः 22 दिसंबर, 2017 के संलग्नक-1 के पृष्ठ-3 पर क्रम संख्या- 53 से 63 में कालम सं0-6 में अंकित क्रियान्वयन अधिकारियों के नाम त्रुटिवश गलत अंकित हो गए है, जिन्हें इस पत्र के संलग्नक-1 के अनुसार संशोधित किया जाता है। इसी प्रकार शासनादेश संख्या-22/2017/952/55-पर्या-02-2017-221(पर्या)/16 दिनांकः 22 दिसंबर, 2017 निश्चित अवधि (दिनांकः31-12-2017 तक) में आन लाइन अपलोड न हो पाने के कारण शासनादेश संख्या-22/2017/952/55-पर्या-02-2017-221(पर्या)/16 दिनांकः 22 दिसंबर, 2017 को संशोधित कर शासनादेश संख्या- 02/2018/952/ 55-पर्या-02- 2017-221(पर्या)/16, दिनांकः 17 जनवरी, 2018 किया जाता है।

3- शासनादेश दिनांकः 22-12-2017 में उल्लिखित अन्य शर्ते यथावत रहेगी। उक्त शासनादेश इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(निहालुद्दीन खां)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-3/2018/952(2)/55-पर्या-02-2017-221(पर्या)/16 तददिनांकित

प्रतिलपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- संबंधित मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3- संबंधित कोषाधिकारी, उ0प्र0 (संलग्न सूची के अनुसार)
4- संबंधित अधिकारी, उ0प्र0 (संलग्न सूची के अनुसार)
5- निदेशक, पर्यावरण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनु0-7/वित्त आय-व्ययक अनुभाग-1/2
7- नियोजन अनुभाग-4/राज्य योजना आयोग-1/2
8- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(भारत प्रसाद)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सं0–3/2018/952/55–पर्या–02–2017–221 (पर्या)/16, दिनांक-17-1-2018 संलग्नक–1

क0 सं0	जनपद	वर्ष 2016–17 में निर्धारित परिव्यय को आधार मानते हुए वर्ष 2017–18 हेतु प्रस्तावित परिव्यय *	वर्ष 2017–18 हेतु कुल बजट व्यवस्था	वर्ष 2017–18 के लेखानुदान पॉच माह (अप्रैल से अगस्त 2017 तक) हेतु कुल स्वीकृति धनराशि	वर्ष 2017–18 हेतु निर्धारित आय–व्ययक अनुमान रू0 90.00 लाख के सापेक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तावित धनराशि	कियान्वयन अधिकारी
1	2	3	4	5	6	7
53.	औरैया	0.50	**0.50**	**0.21**	**0.29**	प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, औरैया
54.	इटावा	2.00	**2.00**	**0.83**	**1.17**	प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, इटावा
55.	फैजाबाद	1.95	**1.00**	**0.42**	**0.58**	क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फैजाबाद
56.	अम्बेडकर नगर	2.00	**1.00**	**0.42**	**0.58**	प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, अम्बेडकर नगर
57.	सुल्तानपुर	2.00	**0.50**	**0.21**	**0.29**	प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, सुल्तानपुर
58.	बाराबंकी	2.00	**1.00**	**0.42**	**0.58**	प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, बाराबंकी
59.	गोण्डा	2.00	**1.00**	**0.42**	**0.58**	प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग,गोण्डा
60.	बलरामपुर	2.00	**1.00**	**0.42**	**0.58**	प्रभागीय निदेशक सोहलवा वन्यजीव प्रभाग, बलरामपुर
61.	श्रावस्ती	2.00	**1.00**	**0.42**	**0.58**	प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग, श्रावस्ती
62.	बहराइच	2.00	**1.00**	**0.42**	**0.58**	प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग, बहराइच

(निहालुद्दीन खां)
संयुक्त सचिव,
पर्यावरण विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।